Social Justice Union
Govt. Registered

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 02 दिसंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 64

# महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को नहीं होगी कोई परेशानी

### सीएम योगी ने अधिकारियों को दिए ये निर्देश

**प्रयागराज । आरएनएस**



प्रयागराज में अगले साल जनवरी में होने वाले महाकुंभ को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं. इस बीच शनिवार को लखनऊ में सीएम योगी के आवास पर केंद्रीय सडक़ एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एक उच्चस्तरीय बैठक की. जिसमें प्रयागराज महाकुंभ 2025 से जुड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य और सडक़ परियोजनाओं की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की.

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को महाकुंभ से संबंधित राष्ट्रीय राजमार्को. बाईपास, इनर रिंग रोड और पुल निर्माण के शेष काम हर हाल में 25 दिसंबर तक पूरा करने का निर्देश दिया गया है. इसके साथ ही इन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को भी सुनिश्चित करने को कहा गया है.

बता दें कि महाकुंभ के चलते योगी सरकार राज्य की सडक़ों को ठीक कराने में लगी हुई है. जिससे महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को आने जाने में कोई परेशानी न हो. इसके लिए रायबरेली से प्रयागराज तक 61.17 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण का कार्य हो रहा है. इसके साथ ही चार स्थानों पर 04 लेन बाईपास के निर्माण, 7.6 किमी प्रयागराज इनर रिंग रोड, 10.98 किमी 02-लेन प्रतापगढ़ बाईपास, 5.10 किमी 04-लेन जसरा बाईपास और 24.2 किमी प्रयागराज के साथ-साथ फाफामऊ में गंगा पर बने बुल के समानान्तर नये 06-लेन सेतु और पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य जारी है.

इस बैठक के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नेशनल हाइवे-30 (रायबरेली से प्रयागराज खण्ड) में चार स्थानों-जगतपुर, बाबूगंज, ऊंचाहार, आलापुर पर निर्माणाधीन बाईपास में से दो को पूरा कर लिया गया है. वहीं बाकी बचे दो को भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा. वहीं ऊंचाहार बाईपास पर निर्माणाधीन आरओबी के कार्य को भी जल्द पूरा किया जाए. उधर फाफामऊ में गंगा नदी पर बने सेतु के समानांतर नए 06-लेन पुल और पहुंच मार्ग को तय समय से पूरा कर लिया जाएगा.

इस दौरान सीएम योगी ने लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग, बांदा-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग, गोरखपुर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग के मरम्मत की जरूरत पर जोर दिया. इसके साथ ही केन्द्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने एनएचएआई के अधिकारियों को इनके सुदृढ़ीकरण के निर्देश दिए. सीएम योगी ने कहा कि सिद्धार्थनगर जिले के नौगढ़ से शोहरतगढ़ होते हुए तुलसीपुर तक के मार्ग का सुदृढ़ीकरण भी जरूरी है. इसके लिए केन्द्रीय मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए है.

## पीएम मोदी के लिए प्रयागराज में होगी अमेरिकी राष्ट्रपति से भी मजबूत सुरक्षा व्यवस्था

### तैयारी जानकर रह जाएंगे हैरान

**नईदिल्ली । आरएनएस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुंभनगरी प्रयागराज की यात्रा पर जाने वाले हैं. वे यहां महाकुंभ का औपचारिक शुभारंभ करेंगे. पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं. पीएम मोदी के लिए वाराणसी से मिनी क्रूज कस्तूरबा, पुनपुन और निषादराज प्रयागराज लाया गया है. संगम नोज पर जनसभा स्थल को भी तैयार किया जा रहा है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा 13 दिसंबर को प्रस्तावित है. पीएम मोदी की यात्रा से पांच दिन पहले यानी आठ दिसंबर को एसपीजी यहां डेरा डाल देगी. इसके बाद नौ दिसंबर को सुरक्षा की दूसरी और तीसरी टीम प्रयागराज पहुंच जाएगी. नौ दिसंबर को ही पीएमओ के अफसर भी प्रयागराज पहुंचेंगे. दोनों टीमें सुरक्षा और तैयारियों का पूरा जायजा लेंगी. दूसरी ओर प्रधानमंत्रा नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा हर दिन खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर रहे हैं.

पीएमओ, एसपीजी और विशेष सुरक्षा एजेंसियों के अफसरों के लिए सर्किट हाउस, आठ गेस्ट हाउस और 12 होटलों के 225 कमरों को आठ दिसंबर से 14 दिसंबर तक के लिए बुक कर दिया गया है. कार्यक्रम से 24 घंटे पहले फ्लीट रिहर्सल होगा, जिसके बाद संगम नोज सील कर दिया जाएगा. इसके अलावा, अक्षयवट कॉरिडोर, बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर पीएम मोदी के एयरपोर्ट पहुंचते ही सील कर दिए जाएंगे.

पीएम मोदी के कार्यक्रम की निगरानी के लिए झूंसी और अरैल स्थित व्यूइंग सेंटरों में छह सीटर कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनाया जाएगा. इसके अलावा, महाकुंभ मेला के 20 सीटर और एमसीआर आइसीसीसी के 20 सीटर कमांड एंड कंट्रोल से पीएम मोदी के कार्यक्रम पर सुरक्षाजवान नजर रखेंगे. कमांड सेंटर से हर एक गतिविधि पर एसपीजी और सुरक्षा टीमों की नजर रहेगी.

जनसभा स्थल के पास स्मार्ट पार्किंग बनाया जा रहा है. वहां पीएम मोदी की गाडिय़ों के साथ-साथ अन्य वीआईपी लोगों की गाड़ी पार्क हो पाएगी. पीएम मोदी प्रयागराज में चार घंटे रहेंगे.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### वर्षों से बेटी से दुष्कर्म करने वाले पिता को 141 साल की जेल, लगाया कमरतोड़ जुर्माना

तिरुवनंतपुर (आरएनएस)। केरल की अदालत ने एक पिता को रेप का आरोपी माना है. रेप के आरोप में कोर्ट ने पिता को 141 साल के जेल की सजा सुनाई है. आरोपी ने कई वर्षों तक अपनी बेटी का रेप किया है. मलप्पुरम के मंजेरी शहर की त्वरित विशेष अदालत के न्यायाधीश अशरफ ए.एम ने पोक्सो सहित अन्य आरोपों के तहत आरोपी को सजा सुनाई है. अदालत ने 29 नवंबर के आदेश में कहा कि दोषी को कुल 40 वर्ष की सजा काटनी होगी. अदालत ने दोषी पर 7.85 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है. अदालत ने आदेश दिया है कि पीड़िता को मुआवजा का आदेश दिया है. मामले के बारे में एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी और पीड़िता मूल रूप से तमिलनाडु के रहने वाले हैं. आरोपी पीड़िता का सौतेला पिता है. 2017 से ही आरोपी पीड़िता का रेप कर रहा था.

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर निर्माणाधीन सुरंग ढहने से श्रमिक की मौत, 2 अन्य घायल

नईदिल्ली(आरएनएस)। राजस्थान के कोटा जिले में शनिवार रात को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक निर्माणाधीन सुरंग में भयानक हादसा हो गया।कार्य के दौरान सुरंग का एक हिस्सा ढह गया, जिससे एक श्रमिक की मौत हो गई और 2 अन्य घायल हो गए।सूचना पर पहुंची बचाव टीम ने घायलों को तत्काल कोटा के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।स्थानीय पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारी हादसे के कारणों की जांच में जुटे हैं। पुलिस अधीक्षक (कोटा ग्रामीण) सुजीत शंकर ने बताया कि देर रात रामगंज मंडी के मोडक़ इलाके में श्रमिक निर्माणाधीन सुरंग में काम कर रहे थे। उसी दौरान सुरंग का एक हिस्सा अचानक ढह गया। इससे वहां काम कर रहे 3 श्रमिक मलबे में दब गए।उन्होंने बताया कि अन्य श्रमिकों ने मलबे से तत्काल तीनों को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां एक श्रमिक को मृत घोषित कर दिया और 2 को कोटा रैफर कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतक श्रमिक की पहचान शमशेर सिंह (33) के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस दल और एनएचएआई के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। अब अधिकारी हादसे के कारणों की जांच में जुटे हैं।बता दें कि इस सुरंग को ध्वनिरोधी बनाया गया है, ताकि वाहनों से निकलने वाला शोर आस-पास के वन्यजीवों को परेशान न करे। यह एक बड़ी परियोजना का हिस्सा है।

### तेलंगाना में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 7 नक्सली ढेर, कई हथियार बरामद

हैदराबाद,01 दिसंबर (आरएनएस)। नक्सलियों के खिलाफ अभियान में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर सुरक्षाबलों ने 7 नक्सलियों को मार गिराया है।मृतकों में महिला नक्सली समेत शीर्ष कमांडर भी शामिल है। जवानों ने मुठभेड़ स्थल से एके-47 समेत कई हथियार भी बरामद किए हैं।आज सुबह से ही दोनों तरफ से गोलीबारी हो रही थी, जिसमें सुरक्षाबलों को सफलता मिली है। इलाके में फिलहाल तलाशी अभियान जारी है।

## चक्रवाती तूफान फेंगल ने मचाई तबाही, अबतक तीन लोगों की मौत, खुल गया चेन्नई हवाईअड्डा

**चेन्नई । आरएनएस**



चक्रवात फेंगल के कारण उत्तरी तमिलनाडु और पुडुचेरी में भारी बारिश हुई, जो आज सुबह भी जारी है। फेंगल शनिवार को पुडुचेरी के समुद्री तट के करीब पहुंचा। चक्रवात के कारण हो रही बारिश की वजह से चेन्नई हवाईअड्डे को बंद करना पड़ा, शहर के कई हिस्सों में पानी भर गया है। चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आज सुबह 4.00 बजे से उड़ान संचालन फिर से शुरू हो गया है। चक्रवात के कारण सेवाएं कल से निलंबित कर दी गई थीं।

चेन्नई में चक्रवाती तूफान फेंगल की वजह से हुई भारी बारिश, अलग-अलग घटनाओं में बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई है। भारी बारिश से शहर के कई हिस्सों में बाढ़ आ गई। हालांकि, तमिलनाडु और पुडुचेरी में किसी बड़े नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली, जहां भारतीय सेना ने केंद्र शासित प्रदेश में बाढ़ वाले इलाके से 100 से अधिक लोगों को बचाया है।

आईएमडी ने कहा कि चक्रवात फेंगल ने रविवार की रात को लगभग 2 बजे भूस्खलन की प्रक्रिया पूरी की। भूस्खलन के बाद, चक्रवात फेंगल के पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम की ओर बढऩे और अगले छह घंटों के भीतर धीरे-धीरे कमजोर होकर गहरे दबाव में बदलने का अनुमान है। तमिलनाडु में अगले 48 घंटों तक भारी बारिश होने की संभावना है।चेन्नई हवाई अड्डे ने रविवार सुबह 4 बजे तक अपने सभी परिचालन निलंबित कर दिए थे। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी के कई हिस्सों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। इस क्षेत्र में हाई टाइड और भारी वर्षा का अनुमान लगाया गया है।

## मिट्टी के ढेर में दबकर चार बच्चियों की मौत, एक घायल

### बिहार के बक्सर में बड़ा हादसा

**बक्सर । आरएनएस**



बिहार के बक्सर जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। रविवार को राजपुर थाना क्षेत्र स्थित सरेंजा राजकीय बुनियादी विद्यालय के पास मिट्टी के टीले में पांच बच्चियां मिट्टी खोद रही थीं। इसी दौरान टीला भरभरा कर गिर पड़ा और बच्चियां दब गईं।

इस हादसे में चार बच्चियों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची का फिलहाल इलाज जारी है। सरेंजा बुनियादी विद्यालय के पास पुराने मिट्टी के टीले में मिट्टी खोदने के लिए पांच बच्चियां गई थीं। ये बच्चियां पीढ़ी पर्व की तैयारी के लिए घर में सफाई और लिपाई-पुताई के लिए मिट्टी लेने गई थीं। जब वे टीले के पास मिट्टी खोद रही थीं, तभी अचानक टीला भरभरा कर गिर पड़ा और सभी बच्चियां इसके नीचे दब गईं।

मिट्टी के ढेर में दबने के बाद आसपास खेल रहे बच्चों ने शोर मचाया, इसके बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और मलबा हटाने की कोशिश की। ग्रामीणों की मदद से सभी बच्चियों को मलबे से निकाला गया और तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने चार बच्चियों की मौत की पुष्टि कर दी, जबकि एक बच्ची को गंभीर हालत में भर्ती किया गया है।

मृतक बच्चियों में नयनतारा कुमारी (11 वर्ष), शालिनी कुमारी (8 वर्ष), शिवानी कुमारी (6 वर्ष), और संजू कुमारी (11 वर्ष) शामिल हैं। जबकि घायल बच्ची की पहचान करिश्मा कुमारी (10 वर्ष) के रूप में हुई है। इस घटना के बाद मृतक बच्चियों के परिवारों में मातम का माहौल है, उनका रो-रो कर बुरा हाल है। घटना से आसपास के पूरे इलाके में गम का माहौल है।

घटना की सूचना मिलते ही राजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने भी घटना की जांच के आदेश दिए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मिट्टी का टीला बहुत पुराना था और उसमें गहरी खुदाई से वह खतरनाक हो गया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## झारखंड में प्रतिदिन मिल रहे हैं सात एचआईवी संक्रमित, सात महीने में 1542 मरीजों की पहचान

**रांची । आरएनएस**



झारखंड में एचआईवी संक्रमितों की संख्या हर रोज बढ़ रही है। विश्व एड्स दिवस (एक दिसंबर) के पहले झारखंड एड्स कंट्रोल सोसाइटी की ओर से जारी आंकड़ा बताता है कि राज्य में हर रोज औसतन सात एचआईवी संक्रमितों की पहचान हो रही है। इस साल एक अप्रैल से अक्टूबर के अंत तक यानी सात महीने में राज्य में 1542 नए एचआईवी पॉजिटिव मरीजों की पहचान हुई है। इनमें आठ नवजात भी शामिल हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, सात महीने में राज्य में कुल 6 लाख 56 हजार लोगों की स्क्रीनिंग से यह आंकड़ा सामने आया है। सबसे ज्यादा 203 एचआईवी संक्रमितों की पहचान रांची में की गई है, जबकि पूर्वी सिंहभूम में 194, हजारीबाग में 149 और धनबाद जिले में 124 एचआईवी मरीज पाए गए हैं। गढ़वा जिले में एक भी एचआईवी संक्रमित नहीं पाया गया, जबकि लोहरदगा में चार और सिमडेगा एवं चतरा जिले में आठ-आठ मरीजों की पहचान हुई है। पिछले साल राज्य में कुल 12 लाख से भी अधिक लोगों की स्क्रीनिंग के बाद 2074 एचआईवी संक्रमितों की पहचान हुई थी।

एचआईवी संक्रमितों के इलाज के लिए राज्य में कुल 14 एआरटी (एंटी रेट्रो वायरल ट्रीटमेंट) सेंटर बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाती हैं। रांची के रिम्स स्थित एआरटी सेंटर में सबसे ज्यादा करीब 1600 एचआईवी मरीज हर माह दवा लेते हैं। राज्य में एचआईवी संक्रमण के 90 प्रतिशत से भी ज्यादा मामलों में यह पाया गया है कि रोजगार के सिलसिले में बाहर के प्रदेशों में लंबे समय तक रहने वाले लोग संक्रमण लेकर लौट रहे हैं। इनमें निम्न आय वर्ग के लोगों की संख्या ज्यादा है। ऐसे सैकड़ों केस हैं जिसमें ट्रक ड्राइवर और प्रवासी मजदूर बाहर से संक्रमण लेकर आए।

झारखंड एड्स कंट्रोल सोसाइटी का दावा है कि मरीजों की लगातार मॉनिटरिंग और काउंसलिंग की जा रही है। गर्भवती महिलाओं की एचआईवी जांच अनिवार्य तौर पर कराई जा रही है, ताकि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं से बच्चों में एड्स के संक्रमण को रोका जा सके। पिछले एक साल में जिन एचआईवी पॉजिटिव मरीजों की पहचान हुई है, उनमें 198 गर्भवती महिलाएं भी हैं। सोसाइटी उन लोगों को ही एक्टिव संक्रमित मानता है, जो एआरटी सेंटरों में पहुंचकर जांच कराते हैं। एड्स और एचआईवी संक्रमितों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्हें अंत्योदय अन्न योजना, आयुष्मान भारत, जनधन योजना, इंटीग्रेटेड चाइल्ड प्रोटेक्शन से भी जोड़ा गया है।

## अभी भी उलझा है राज कुंद्रा का मामला, ईडी ने समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया

**मुंबई । आरएनएस**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और व्यवसायी राज कुंद्रा को अश्लील फिल्मों के कथित वितरण से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए बुलाया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुंद्रा को इस सप्ताह मामले के जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। सूत्रों ने कहा कि मामले में आरोपी कुछ अन्य लोगों को भी तलब किया गया है। केंद्रीय एजेंसी ने 29 नवंबर को कुंद्रा के मुंबई और उत्तर प्रदेश के कुछ शहरों में स्थित अन्य व्यक्तियों के परिसरों पर छापे मारे थे।

मई, 2022 का धनशोधन का यह मामला कुंद्रा और अन्य आरोपियों के खिलाफ दायर मुंबई पुलिस की कम से कम दो प्राथमिकियों और आरोपपत्र से जुड़ा है। इस मामले में कुंद्रा और कुछ दूसरे आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था तथा बाद में उन्हें जमानत मिल गई थी। कुंद्रा के खिलाफ यह धनशोधन का दूसरा मामला है। ईडी ने इस साल की शुरुआत में क्रिप्टो करंसी मामले में कुंद्रा और शेट्टी की 98 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी लेकिन दंपति को ईडी के इस कुर्की आदेश के खिलाफ बंबई उच्च न्यायालय से राहत मिल गई थी। लेकिन अब ईडी इस मामले की जांच कर रही है। बीते रोज राज कुंद्रा के कई ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की गई थी।

बता दें कि ईडी के जारी नोटिस के मुताबिक राज कुंद्रा को सोमवार 2 दिसंबर को सुबह 11 बजे ईडी के दफ्तर में पूछताछ के लिए पहुंचना होगा। इससे पहले बीते रोज राज कुंद्रा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया था। जिसमें राज कुंद्रा ने ये कहा था कि वे ईडी के साथ जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं। हालांकि अभी तक मामला सुलझा नहीं है।

## कन्नड़ एक्ट्रेस शोभिता शिवन्ना ने किया सुसाइड, खुद के घर में लटकता मिला शव

**नईदिल्ली । आरएनएस**



कन्नड़ की मशहूर एक्ट्रेस शोभिता शिवन्ना जो टेलीविजन और फिल्म दोनों में अपने बेहतरीन काम के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने आत्महत्या कर ली है। वह रविवार को अपने हैदराबाद के कोंडापुर स्थित घर पर मृत पाई गईं। 30 वर्षीय एक्ट्रेस ने कल देर रात, 30 नवंबर को अपनी जान ले ली, जिससे कन्नड़ एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री और उनके प्रशंसक के बीच उनके मौत की खबर सुन हलचल मच गई है। कर्नाटक के हासन जिले के सकलेशपुर की रहने वाली शोभिता शादीशुदा थीं और पिछले दो सालों से हैदराबाद में रह रही थीं। एक्ट्रेस की मौत की खबर सुन उनके करीबी और फैंस उन्हें सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि देते हुए पोस्ट शेयर कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, कन्नड़ एक्ट्रेस शोभिता शिवन्ना ने जब फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। तब वहां कोई भी नहीं था। यह दुखद घटना तब सामने आई जब पुलिस को शिकायत मिली। मौके पर पहुंचकर उन्होंने एक्ट्रेस का शव बरामद किया और जांच शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए गांधी अस्पताल भेज दिया गया है। उनकी दुखद मौत के पीछे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हैं।

एक्ट्रेस के सुसाइड मामले की जांच चल रही है। उनके पोस्टमॉर्टम के बाद ही उनकी मौत का असली कारण पता चलेगा। बता दें कि अंतिम संस्कार के लिए शोभिता शिवन्ना को बेंगलुरु लेकर जा सकते हैं। शोभिता शिवन्ना कन्नड़ इंडस्ट्री में एक जाना-माना चेहरा थीं। उन्होंने एराडोंडला मूरू, एटीएम: अटेम्प्ट टू मर्डर, ओंध काथे हेला, जैकपॉट और वंदना सहित कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया था। वह ब्रह्मगंटू और निन्निनडेल जैसे टीवी धारावाहिकों में लीड रोल करते दिखाई दी थीं।

कर्नाटक के हसन के सकलेशपुर से ताल्लुक रखने वाली शोभिता शिवन्ना ने कन्नड़ एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपने दम पर खास पहचान बनाई थी। उनका सफर एक टेलीविजन एंकर के रूप में शुरू हुआ। इसके कुछ समय बाद उनकी किस्मत चमकी और एक्ट्रेस बन गईं।

## चेन्नई एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बचा इंडिगो का विमान

**चेन्नई । आरएनएस**



चक्रवाती तूफान फेंगल ने शनिवार को तमिलनाडु और पुडुचेजी में जमकर तांडव मचाया है. फेंगल तूफान के चलते चेन्नई एयरपोर्ट को शनिवार से रविवार सुबह तब बंद रखना पड़ा इस बीच सोशल मीडिया पर चेन्नई एयरपोर्ट पर एक विमान की लैंडिंग का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. जिसमें विमान रनवे पर लैंडिंग के वक्त लडख़ड़ाने लगता है. लेकिन समय रहते पायलट ने विमान की लैंडिंग को टाल दिया और फ्लाइट को हवा में उड़ाकर ले गया. जिससे सैकड़ों यात्रियों की जान बच गई. ये वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है. जिसे देखकर हर कोई हैरान है. इस घटना को लेकर एयरलाइंस ने भी सफाई दी है.

सोशल मीडिया में वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि इंडियो की एक फ्लाइट खराब मौसम के बीच चेन्नई एयरपोर्ट पर लैंडिंग करने जा रही है. इस दौरान आसमान में काले घने बादल छाए हुए हैं और तेज हवाएं भी चल रही हैं. विमान तेजी से रनवे की ओर बढ़ता है, लेकिन जैसे ही विमान रनवे पर लैंडिंग के लिए नीचे आता है विमान का पिछले हिस्सा लडख़ड़ाकर रनवे से टकरा जाता है.

उसके बाद पायलट विमान की लैंडिंग का इरादा छोडक़र उसे आसमान में उड़ाकर ले जाता है. जिससे सभी यात्रियों की जान बच जाती है. लेकिन सोशल मीडिया में वायरल हो रहे वीडियो को देखकर लोगों के दिलों की धडक़नें बढ़ रही हैं. साथ ही सोशल मीडिया यूजर्स अलग-अलग तरह की बातें कर रहे हैं.

इस घटना के बाद इंडियो का भी बयाना सामना आया है. इंडियो के प्रवक्ता ने कहा कि, बारिश और तेज़ हवाओं (जिसके कारण बाद में चेन्नई एयरपोर्ट को बंद करना पड़ा) सहित प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण, मुंबई और चेन्नई के बीच उड़ान भरने वाली फ्लाइट 6ई 683 के कॉकपिट क्रू ने स्थापित सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार 30 नवंबर, 2024 को गो-अराउंड किया.